एक नजर में

नयागांव सीआरपीएफ में दीक्षांत परेड आयोजित

ग्वालियर 16 जनवरी. नयागांव स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अपर महानिदेशक संदीप खिरवार ने परेड की सलामी ली। इस दीक्षांत परेड में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त जवान और टेक्निकल (बिगु.) के जवान शामिल हुए। यह दीक्षांत परेड निर्धातिर समयानुसार सुबह 9:10 बजे शुरू हुई। इससे पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा परेड कनेक्शन किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज रक्षक टोली का परेड प्रांगण में आगमन व राष्ट्रीय सैन्यूट हुआ। दीक्षांत परेड समाप्ति के बाद शपथ समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीआरपीएफ कैंप में दीक्षांत परेड शपथ ग्रहण करने के उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त 132 जवानों को पुरस्कार वितरण किए गए।

सीसीटीवी कैमरे लगेंगे, सख्त होगी निगरानी

ग्वालियर 16 जनवरी. शहर के सरकारी कॉलेजों में अब परीक्षा की निगरानी और अधिक सख्त की जाने की तैयारी चल रही है। विश्व बैंक परियोजना के तहत कॉलेज परिसरों में सीसीटीवी सिस्टम स्थापित किए जाएंगे, जिस पर 25 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य परीक्षा के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है, ताकि नकल, अनुशासनहीनता और अव्यवस्थाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, कॉलेजों से प्राप्त मांग के आधार पर प्रत्येक महाविद्यालय में 30 से 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरों की संख्या कॉलेज की आवश्यकता और परिसर के आकार के अनुसार तय की जाएगी। परीक्षा कक्षों, प्रवेश-निकास द्वारों और संवेदनशील स्थानों पर कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे परीक्षा प्रक्रिया रिकॉर्ड में रहे।

सकल ब्राह्मण महासमिति का ब्राह्मण मिलनोत्सव 18 को

ग्वालियर 16 जनवरी। सकल ब्राह्मण महासमिति के संस्थापक डॉ. जयवीर भारद्वाज, अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद पचौरी, महिला अध्यक्ष बीना भारद्वाज, महामंत्री डॉ मुन्नालाल शर्मा, महिला महामंत्री रचना गौड ने जानकारी दी कि सकल ब्राह्मण महासमिति ग्वालियर द्वारा मकर संक्रांति पर्व एवं गुप्त नवरात्रि प्रारम्भ के पूर्व दिवस पर 18 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे, सनातन धर्म मंदिर परिसर, चक्रधर सभागार में 'ब्राह्मण मिलनोत्सव' जिसमें विवाह योग्य 422 लड़कियों के बायोडाटा का मंच से वाचन एवं 732 लड़कों के बायोडाटा का अवलोकन 8 सेक्टरों पर अवलोकन, पत्रिका एडवांस बुकिंग कूपन, परिचय सम्मेलन हेतु पंजीयन तथा 24 डॉक्टरों को सनातन चिकित्सा रत्न सम्मान समारोह, सकल ब्राह्मण महासमिति के उद्देश्यों का सैकड़ों ब्राह्मणों को संकल्पित कराया जाएगा। 8 सेक्टर प्रभारियों को एक सेक्टर पर 53 लड़कियां एवं 77 लड़कों के बायोडेटाओं की जानकारी सेक्टर प्रभारियों 1, पर रेनू शर्मा,तीरथ मिश्रा,सेक्टर 2 पर शशि शर्मा ,राम गोपाल शर्मा सेक्टर 3 पर रानू शर्मा, ब्रजेश पाठक सेक्टर 4 पर अल्का मिश्रा, योगेश मिश्रा,सेक्टर 5 पर मंजू मिश्रा, अशोक कुमार शर्मा,सेक्टर 6 पर रेखा शर्मा, मुकेश भारद्वाज सेक्टर 7 का किरण मिश्रा, रवीन्द्र नाथ नायक सेक्टर 8 पर स्वाति शर्मा, योगेंद्र दीक्षित सभी विप्रजन , मातृ शक्ति , युवा शक्ति को जानकारी देकर रिश्ते करने का कार्य करेंगे। अनेक बायोडाटा वालों ने पत्रिका में प्रकाशित नहीं करने के कारण उनकी केवल जानकारी दी जाएगी। पत्रिका में अनेक बायोडाटा प्रकाशित नहीं होंगे। मंच पर बायोडाटा का वाचन का दायित्व रामनारायण मिश्र, श्यामबाबू शर्मा , शशिकांत दीक्षित को सौंपा गया है। मीडिया प्रभारी योगेंद्र दीक्षित एवं राजू पंडित प्रचार मंत्री माया भारद्वाज को दिया है। इस अवसर पर डॉ ओ. एन.कौल,डॉक्टर अशोक मिश्रा , डॉ अजय गौड,डॉक्टर दिनेश उदैनिया डॉ. अविनाश शर्मा., डॉ.एस.के. राजोरिया,डॉ. आरके शर्मा , डॉ. डीके शर्मा, डॉ.ममता शुक्ला आदि।

खाद्य विभाग की टीम ने किया चेतकपुरी के समीप स्थित पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण

ग्वालियर 16 जनवरी । जिले के पेट्रोल पंपों से उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त पेट्रोल-डीजल एवं अन्य पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध कराने के लिये कलेक्टर रुचिका चौहान ने पेट्रोल पंपों का लगातार निरीक्षण कर सेम्पल लेने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में खाद्य विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को चेतकपुरी के समीप स्थित आर के फिलिंग स्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया। जिला आपूर्ति नियंत्रक अरविंद सिंह भदौरिया के नेतृत्व में गई खाद्य विभाग की टीम ने इस पेट्रोल पंप पर उपलब्ध डीज़ल व पेट्रोल के स्टॉक का मिलान किया। साथ ही डेंसिटी का परीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान पंप से पेट्रोल के 6 सैंपल लिए गए । पेट्रोल के सैंपल परीक्षण के लिए भोपाल लेब में भेजे जा रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से इस पेट्रोल पंप पर खराब पेट्रोल मिलने संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य विभाग के दल द्वारा यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के लिये गई टीम में सहायक आपूर्ति अधिकारी महावीर सिंह राठौर व सौरभ जैन एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पूजा तोमर, सारिका कुशवाह, कुलदीप सिंह राजावत व प्रीति गुप्ता शामिल थीं।

अनिरुद्ध का गोपीचंद फुलेला अकादमी में चयन

ग्वालियर 16 जनवरी। ग्वालियर के लिए गौरव का विषय है कि जिले के उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ी अनिरुद्ध चौहान का चयन देश की प्रतिष्ठित गोपीचंद फुलेला बैडमिंटन अकादमी में हुआ है। अनिरुद्ध चौहान के चयन पर उनके कोच ने कहा कि अनिरुद्ध में प्रारंभ से ही असाधारण खेल प्रतिभा दिखाई दी, जिसे निरंतर प्रशिक्षण और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रखा है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने भी अनिरुद्ध चौहान को बधाई देते हुए उनकी सफलता की सराहना की। उदयीमान बैडमिंटन खिलाड़ी अनिरूद्ध चौहान का कहना है कि गोपीचंद फुलेला बैडमिंटन अकेडमी में चयन होना मेरे लिये गौरव की बात है। पिछले 5 - 6 वर्ष से निरंतर बैडमिंटन की प्रैक्टिस नगर निगम के एकलव्य खेल परिसर में कर रहा हूँ।

व्यापारी को लूटने के बाद फेंक गए मोबाइल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जनवरी. महाराजपुरा थाना क्षेत्र के एमिटी यूनिवर्सिटी के पास ऑटो पार्ट्स विक्रेता से हुई लूट के बाद बदमाशों की आखिरी लोकेशन नदी गेट मिली है। लूटा गया मोबाइल शिंदे की छावनी नदी गेट पर आकर ठहर गया है। मोबाइल की लास्ट लोकेशन गुरुद्वारे के पास स्थित चाट मार्केट के पास की आ रही है। हालांकि व्यापारी से लूटा गया मोबाइल अभी तक पुलिस को मिला नहीं है, पुलिस को अंदेशा है कि लुटेरों को इस बात का भान है कि मोबाइल ट्रेस करके पुलिस उन तक पहुंच सकती है। इसी डर की वजह से बदमाश मोबाइल को कहीं कचरे में पटककर भाग निकले हैं। मोबाइल लोकेशन से रूट क्लियर है, इसलिए इस रूट के सीसीटीवी फुटेज पुलिस देख रही है। लूट की वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस की तीन टीमें लगी हुई हैं और कहा गया है कि बहुत जल्द लुटेरों की गर्दन नाप दी जाएगी। दीनदयाल नगर निवासी प्रदीप शर्मा की मालनपुर जिला भिंड में स्पेयर पार्ट्स की दुकान है। वह रात में करीब 11 बजे मालननपुर से वापस आते हैं यह प्रदीप शर्मा का रोज का रुटीन है। बीती रात मालनपुर से दुकान बंद करने के बाद जब प्रदीप शर्मा वापस दीनदयाल नगर आ रहे थे तो एमिटी यूनिवर्सिटी के पास हाइवे पर बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोककर टेकनपुर का रास्ता पूछा। प्रदीप शर्मा को इस बात की जरा भी भनक नहीं थी कि पता पूछने वाले बदमाश हैं। उन्होंने अपनी गाड़ी रोककर टेकनपुर का पता बताया ही था कि बदमाशों ने पिस्टल तान दी। पिस्टल का डर दिखाकर बाइक सवार बदमाश स्पेयर पार्ट्स कारोबारी प्रदीप शर्मा से बैग छीनकर भाग गए। बैग में मोबाइल तथा करीब 40 हजार रुपए नकद रखे थे। लूट होने की खबर प्रदीप शर्मा ने महाराजपुरा पुलिस को दी। कारोबारी से लूट होने की बात पता चलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और लुटेरों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी की। नाकाबंदी से कोई सफलता पुलिस को नहीं मिली, क्योंकि लुटेरे रात के अंधेरे में गायब हो गए थे। कारोबारी प्रदीप शर्मा की जेब में रखे 17 हजार रुपए पर लुटेरों की नजर नहीं गई, जिससे वह बच गए।

तीन टीमें लगीं लुटेरों की तलाश में

मालनपुर में स्पेयर पार्टस की दुकान चलाने वाले प्रदीप शर्मा के साथ जिस अंदाज में लूट की गई, उससे पुलिस को अंदेशा है कि लुटेरों को पता था कि बैग में रुपए रहते हैं। इसलिए उन्होंने सिर्फ बैग छीना और भाग गए। लूट से पहले व्यापारी की रेकी करने की संभावना पुलिस ने व्यक्त की है। लुटेरों को पकड़ने के लिए पुलिस की तीन टीमें तैयार की गई हैं। ऐसी वारदातों को ट्रेस करने में महारत हासिल रखने वालों को जिम्मा दिया गया है कि वह जल्द से जल्द इस वारदात का खुलासा करें।

शराब के लिए पैसे नहीं देगा तो गोली मार दूंगा...

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जनवरी. चुपचाप मुझे शराब पीने के लिए पैसे दे दे, नहीं तो मेरे पास पिस्टल है, तुझे मार दूंगा। कुछ इसी तरह की धमकी देते हुए एक रंगबाज द्वारा पिता- पुत्र की मारपीट कर दी गई। घटना हजीरा थाना क्षेत्र की है, जिसमें पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है। सुभाष नगर निवासी 56 वर्षीय सीताराम शिवहरे ने हजीरा थाने में शिकायत की है, कि बीती रात 9.30 के लगभग वह अपने बेटे के साथ चार शहर का नाका स्थित कलारी के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान वहां सुदीप सिकरवार मिल गया। जो मुझे रोककर शराब पीने के लिए पैसों की डिमांड करने लगा। जब मैंने उसे पैसे देने से मना किया, तो उसने मेरी मारपीट कर दी, जिससे मैं सड़क पर गिरकर घायल हो गया। यह देख आरोपी धमकाते हुए कहने लगा, कि चुपचाप शराब पीने के लिए पैसे दे दे, अगर पैसे नहीं देगा, तो मेरे पास पिस्टल है, मैं तुझे गोली मार दूंगा। जब मेरे बेटे ने उससे कहा कि पापा को क्यों मार रहे हो, तो उसने मेरे बेटे की भी मारपीट कर दी। जिससे वह भी चोटिल हो गया। हंगामा - होता देख जब अन्य राहगीर जुटने लगे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला।

मौसम में बदलाव होते ही बढ़ी मरीजों की भीड़

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जनवरी. मौसम में आ रहे पल-पल बदलाव के बाद मौसमी बीमारियों से रोगियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है।

सरकारी व निजी अस्पतालों में लग रहीं मरीजों की लंबी कतारें

इसका जीता जागता उदाहरण अंचल के सबसे बड़े अस्पताल हजार बिस्तर अस्पताल में आज देखने को मिला जहां पर बड़ी संख्या में मरीजों की लंबी-लंबी कतारें सुबह से ही लगना प्रारंभ हो गईं। हजार बिस्तर अस्पताल के साथ-साथ अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों का भी कमोवेश यही हाल है। अस्पतालों में संचालित ओपीडी में सुबह से ही मरीजों का आने का क्रम प्रारंभ हो जाता है और दोपहर तक अनवरत रूप से जारी रहता है। आज शुक्रवार को हजार बिस्तर अस्पताल में सुबह से ही मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों का आने सिलसिला प्रारंभ हो गया जो दोपहर तक जारी रहा। चूंकि अभी कुछ दिन पहले तक कड़ाके की ठंड पड़ रही थी वहीं अचानक से बदले मौसम और सर्दी कम होने के कारण लोग बुखार, उल्टी व दस्त से पीड़ित होकर चिकित्सकों की शरण में पहुंच रहे हैं।

जयकारों से गुंजायमान हुआ प्रयागराज माघ मेला

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जनवरी. त्यागी बाबा आश्रम मुरार के महल घनश्याम दास महाराज और ग्वालियर के धर्म प्रेमी भक्तों ने धर्म और आध्यात्म की पावन नगरी प्रयागराज में चल रहे माघ मेला 2026 (मिनी कुंभ) में मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और विधि-विधान के साथ

ध्वजा पूजन का हुआ आयोजन, शिविर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

मनाया। इस विशेष अवसर पर पधारे संतो ने चंद्रलोक आजाद खालसा त्यागी गुफा त्यागी आश्रम' शिविर में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया।

संत सेवा और विशाल भंडारा-पूजन के पश्चात आश्रम द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मणों, साधु-संतों और कल्पवासियों ने प्रसाद ग्रहण

किया। ग्वालियर से आए महंत घनश्याम दास महात्यागी के कुशल मार्गदर्शन में सेवादारों ने दिन-भर भक्तों की सेवा की। महंत जी ने बताया कि माघ मेले में सेवा का अवसर मिलना परम सौभाग्य और पुण्य का कार्य है।

यह संत और भक्त रहे कार्यक्रम में मौजूद- विधायक शहर अटरिया प्रयागराज हर्षवर्धन बाजपेई, आचार्य लाल साहब दुबे, आचार्य विभूति नारायण त्रिपाठी, पं नीरज भोजाजी, अजय जायसवाल, संजय भदोरिया, विवेक शर्मा, अभय गुप्ता, पागल दास बाबा डाबरा वाले, फक्कड़ बाबा मालनपुर वाले, शंकर दास बाबा उदी मोड़ वाले, बलराम दास लोग, अखंड आनंद, शिव शरण दास मुरैना, पं विकास मिश्रा लफड़ा, सुदामा दास, मलिक खान सिंह, मन्नू पाल, लोकेंद्र सिंह, रिंकू राणा विक्की जैन, सुरेश शाक्य, सैंडी बाबा, शंकी शर्मा त्यागी नगर सभी भक्तों के साथ में सभी भक्तों के साथ में मकर संक्रांति स्नान और झंडा ध्वज पूजन किया।

विधि-विधान से हुआ ध्वजा पूजन

शिविर में मकर संक्रांति के शुभ मुहूर्त पर 'ध्वजा पूजन' का भव्य आयोजन किया गया था। जिसमें ग्वालियर के कई भक्त जनों ने पहुंचकर पूजन किया। संचालन प्रसिद्ध विद्वान आचार्य लाल साहब दुबे एवं आचार्य नारायण त्रिपाठी ने पूर्ण वैदिक रीति-रिवाजों के साथ कराया। मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच ध्वजारोहण कर विश्व कल्याण की कामना की गई। ?इस पावन अवसर पर ग्वालियर और देश के अन्य कोनों से आए श्रद्धालुओं ने न केवल संगम में आस्था की डुबकी लगाई, बल्कि शिविर में आयोजित ध्वजा पूजन में शामिल होकर स्वयं को धन्य माना। पूरा मेला क्षेत्र 'त्यागी बाबा की जय' के जयकारों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का एक अविस्मरणीय और सौभाग्यशाली क्षण बताया।

वैश्विक चुनौती बन गई है पर्यावरणीय विषाक्तता

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 जनवरी. वर्तमान समय में पर्यावरणीय विषाक्तता एक गंभीर वैश्विक चुनौती बन गई है। जल, वायु एवं मृदा प्रदूषण के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा और पर्यावरणीय जन जागरूकता आवश्यक है। यह बात जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने केआरजी कॉलेज में पर्यावरणीय विषाक्तता में उभरते रुझान एवं जन-स्वास्थ्य पर प्रभाव पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में कही। विशिष्ट अतिथि एमिटी विवि के कुलगुरु प्रो. राजेश सिंह तोमर एवं मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरणविद् तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य निरंजन देव भारद्वाज मौजूद रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सम्मेलन की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। संयोजक प्रो. राजेंद्र कुमार दुबे ने रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. शक्ति भारद्वाज ने विषय की उपयोगिता एवं समसामयिक महत्व पर विचार रखे। उद्घाटन सत्र के उपरांत आयोजित तकनीकी सत्रों में आमंत्रित व्याख्यान एवं मौखिक प्रस्तुतियां संपन्न हुईं। इनमें ललितपुर से डॉ. रितेश सिंह, बिलासपुर डॉ. शुभम, दिल्ली विवि से डॉ. धीरज कुमार सहित अनेक विषय विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की।

भूल सुधार / आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित हो कि दिनांक 24.12.2025 को नव भारत समाचार में प्रकाशित क्षे. क्रं. 03, वार्ड क्रं. 08 की विज्ञप्ति में संपत्ति का क्षेत्रफल 500 वर्गफुट के स्थान पर 750 वर्गफुट पढ़ा जाये, जिसका कार्य क्रं. 75/2011/54695/54625/ है। शेष यथावत रहेगा।

आवेदक का नाम/पता
गब्बर सिंह किरार / श्री रामभजन सिंह किरार
पता: चौड़े के हनुमान, न्यूनिक स्कूल के पास, वार्ड -08

आम सूचना

श्री आशीष कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री एस.के. चतुर्वेदी द्वारा क्रय की जाने वाली अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र. 254 ब्लॉक-बी, स्थित जडेरूआ बंधा, ग्राम मुरार, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) मे है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.26 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 115 ग्राम मुरार का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भूखण्ड क्र. 253, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में-रास्ता 20 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.255 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती लक्ष्मीबाई पत्नी श्री लाखन सिंह, रविन्द्र सिंह नाबा. एवं सतेन्द्र सिंह नाबा. पुत्रगण श्री लाखन सिंह सरपरस्ती माता श्रीमती लक्ष्मीबाई पत्नी श्री लाखन सिंह द्वारा भूखण्ड क्र.254 एवं 227 ब्लॉक-बी श्री विश्ववीर सिंह तोमर पुत्र श्री मुंशी सिंह तोमर को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. 1122 दिनांक 12.06.2012 से विक्रय की गई थी। श्री विश्ववीर सिंह तोमर का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारीगण श्री सुदीप सिंह तोमर पुत्र स्व. श्री विश्ववीर सिंह तोमर एवं श्रीमती संगीता देवी पत्नी स्व. श्री विश्ववीर सिंह तोमर उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये। उक्त सम्पत्ति के स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 12.06.2012 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्री सुदीप सिंह तोमर एवं श्रीमती संगीता देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री आशीष कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री एस.के. चतुर्वेदी के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 12.06.2012 की मूलप्रति प्राप्त हो तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें एवं उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निगम अथवा निकाय आदि एवं श्री विश्ववीर सिंह तोमर के अन्य किसी उत्तराधिकारियों को किसी प्रकार की आपत्ति होने अथवा उक्त सम्पत्ति में किसी प्रकार का हित-निहित होने पर अथवा किसी अन्य व्यक्ति से उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार का संव्यवहार/अनुबन्ध होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में श्री संजीव कुमार गुप्ता एवं श्रीमती रेखा गुप्ता के पक्ष में विक्रय पत्र सम्पादित करा दिया जावेगा तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

द्वारा
श्री आशीष कुमार चतुर्वेदी
मो.नं. 94825-95290, 62651-95359
प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नजूल अधिकारी झांसी रोड ग्वालियर

प्रकरण क्रमांक 0003/-अ-20(5)/2024-25/1436 ग्वालियर, दिनांक 15/01/2026

इश्तेहार/उद्घोषणा
(आम सूचना का प्रकाशन / इश्तेहार/उद्घोषणा)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमन वैष्णव, आयुक्त नगर निगम ग्वालियर पता-ठाटीपुर सिटी सेन्टर सिटीसेन्टर ग्वालियर म.प्र. द्वारा ग्राम सिरोल के भूमि सर्वे क्रमांक 171 रकवा 0.439 हेक्टेयर/वर्गमीटर भूमि शांतीधाम हेतु ऑनलाईन आवेदन कलेक्टर महोदय को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अतः उक्त आवंटन के संबंध में जिस किसी को कोई भी आपत्ति हो, तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी दिनांक 27-01-2026 समय 06:00 बजे के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15-01-2024 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया।

R.O. क्र 39 दि 16/01/26

अनुविभागीय अधिकारी
राजस्व
झांसीरोड ग्वालियर

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 07 स्थान सागरताल, जलालपुर रोड में स्थित है। जो कि जन्डेल सिंह धाकड़/बाबूलाल धाकड़ के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000104855 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1330 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602019ए 1242970 दिनांक 08/04/2019 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/ वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-01-2026
आवेदक का नाम/पता
लक्ष्मण सिंह यादव/औछाराम यादव
पता: सागरताल, जलालपुर रोड, ग्वालियर म.प्र.
मोब- 7803954007

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 07 स्थान जी-23, राधा विहार, मोहम्मदपुर में स्थित है। जो कि अरूण सिंह सिकरवार/हीरा सिंह सिकरवार के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000170540 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602021ए 1969001 दिनांक 18/11/2021 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/ वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-01-2026
आवेदक का नाम/पता
श्रीमती ममता चौहान/कौशलेन्द्र सिंह चौहान
पता: जी-23, राधा विहार, मोहम्मदपुर, ग्वालियर म.प्र.
मोब- 7007170032

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 18 वार्ड क्रमांक 49 स्थान 2313, समाधिया कॉलोनी में स्थित है। जो कि विनोद कुमार नारंग/स्व. श्री चेनामल नारंग के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000156413 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1400 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602022ए1566736 दिनांक 30/05/2022 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/ वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी की टंकी पर दिनांक 16/01/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 83/2010/18494/40794 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-01-2026
आवेदक का नाम/पता
प्रदीप कुमार नारंग/स्व. चेनामल नारंग
पता: 2313, समाधिया कॉलोनी, ग्वालियर म.प्र.
मोब- 8319315944

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 17 वार्ड क्रं. 38, भवन क्रं. 418 व 419, स्थानः हारकोटा नवग्रह कॉलोनी र स्थित है जो कि श्री/श्रीमती हर्षला जामदार / श्री जय सिंह राव जामदार के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 2000243523, 2000243524 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A100561664 दिनांक 03.07.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान ढोली बुआ का पुल क्षे.क्रं. 17 पर दिनांक 16.01.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 71/2010/58448/58640/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती नीरू चौरसिया / श्री केशव चौरसिया
पता: हारकोटा नवग्रह कॉलोनी, वार्ड-63
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 16-01-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 16 वार्ड क्रं. 41, भवन क्रं. 2092, स्थानः हेमराज मार्केट पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती राकेश खटवानी / श्री गोविन्द खटवानी के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000239875 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 145 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A101183073 दिनांक 23.12.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान जीवाजीगंज क्षे.क्रं. 16 पर दिनांक 15.01.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. .....प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
मयंक बजाज / श्री गिरधारी बजाज
पता: हेमराज मार्केट, वार्ड-41
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 16-01-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 01 वार्ड क्रं. 05, भवन क्रं. ..., स्थानः शीलनगर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती अविनाश साहू / कामता प्रसाद साहू के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000147033 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1162 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. MP21IGR17402025A101139774 दिनांक 12.12.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर क्षे.क्रं. 01 पर दिनांक 16.01.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.60/2010/73362/73569/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती हेमवती / मोहन लाल आर्य
पता: शीलनगर, वार्ड-05
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 16-01-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 01 वार्ड क्रं. 05, भवन क्रं. ..., स्थानः आनंद नगर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती मीना शर्मा / श्री मनोहर लाल शर्मा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000202941 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 538 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. MP21IGR17402025A100530245 दिनांक 26.06.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर क्षे.क्रं. 01 पर दिनांक 16.01.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 60/2010/73359/73566/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
मंजू राठौर / बलवीर राठौर
पता: आनंद नगर, वार्ड-05
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 16-01-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 01 वार्ड क्रं. 05, भवन क्रं. ..., स्थानः मानपुर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती अर्जुन सिंह कुशवाह / स्व. श्री बाबूलाल कुशवाह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000167139 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. MP142602020A1334423 दिनांक 26.06.2020 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर क्षे.क्रं. 01 पर दिनांक 16.01.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 60/2010/73354/73561/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
मुस्कान तोमर / अम्बेश सिंह तोमर
पता: मानपुर, वार्ड-05
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 16-01-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 01 वार्ड क्रं. 05, भवन क्रं. ..., स्थानः मानपुर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती अर्जुन सिंह कुशवाह / स्व. श्री बाबूलाल कुशवाह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000167136 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. MP142602020A1334445 दिनांक 26.06.2020 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर क्षे.क्रं. 01 पर दिनांक 16.01.2026 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 60/2010/73353/73560/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती नीशु तोमर / श्री प्रदीप सिंह तोमर
पता: मानपुर, वार्ड-05
विज्ञप्ति जारी दिनांक: 16-01-2026